# 1- हमारी पहचान - हमारा परिवार

7PJXN3





चित्र को देखिए। ये चित्र दो परिवारों के हैं। इसी प्रकार हमारे भी अपने-अपने परिवार हैं। जिन लोगों के साथ हम रहते हंै वही हमारा परिवार होता है। कुछ परिवारों में ज्यादा लोग होते हैं और कुछ में कम। आप अपने आस-पास के परिवारों या दोस्तों के परिवारों को देखिए, आपको अन्तर जरूर दिखाई देगा। आइए अब कुछ परिवारों के बारे में पढ़ें-

## अंकिता

अंकिता अपने परिवार के साथ मझवारा गाँव में रहती है। उसके परिवार में हैं- दादा-दादी, माता-पिता, चाचा- चाची, चचेरा भाई अंशु व चचेरी बहन सुधा। सभी लोग एक ही घर में रहते हैं। घर के कामों को सभी लोग मिलजुलकर करते हैं। चाची सुबह-शाम घर के बच्चों को पढ़ाती हैं। अंकिता के पापा किसान हैं। वे रसोई में भी हाथ बँटाते हैं। उनके हाथ का खाना सभी को बहुत पसंद आता है। जब भी मौका मिलता है अपने काम से समय निकालकर वह परिवार के लिए खाना बनाते हैं। सभी लोग रात का खाना साथ-साथ खाते हैं। बच्चे मिलकर घर की साफ-सफाई में मदद करते हैं। अंकिता अपने मन की सारी बातें दादा जी को बताती है। दादा-दादी बच्चों को कहानियाँ व परिवार के पुराने किस्से सुनाते हैं। सभी लोग मिलकर त्योहार मनाते हैं। जन्मदिन, विवाह या अन्य

अवसरांे पर रिश्तेदारों के घर भी जाते हैं। दादी की बात मानकर इस बार खेत में बाजरा भी बोया गया। बाजरे की फसल बहुत अच्छी हुई।

## चर्चा करिये -----

- अंकिता के परिवार में कौन-कौन हैं ?
- अंकिता के परिवार के बारे में आपने क्या-क्या जाना ?

## सायरा और निगार

सायरा और निगार अपने अम्मी, अब्बू के साथ थरियाँव गाँव में रहती हैं। सायरा की माँ शिक्षिका हैं और अब्बू की कपड़े की दुकान है। दोनों प्रतिदिन स्कूल जाती हैं। पढ़ाई करके शाम को दोनों बाहर खेलने जाती हैं। खेलते समय सायरा निगार का पूरा ध्यान रखती है। अब्बू के घर लौटने पर सभी दिनभर की बातें करते हैं। रात में साथ-साथ खाना खाते हैं। घर के कामों में सभी एक-दूसरे का हाथ बँटाते हैं।



## चर्चा करिये -----

- खेलते समय सायरा निगार का ध्यान क्यों रखती है ?

## तरह-तरह के परिवार

अंकिता के परिवार में उसके दादा-दादी, चाची-चाचा और उनके बच्चे सभी एक साथ एक ही घर में रहते हैं।  अंकिता का परिवार संयुक्त परिवार है।

सायरा के परिवार में केवल उसके अम्मी-अब्बू और उसकी बहन निगार है। सायरा का परिवार एकाकी परिवार है।

संयुक्त परिवार में दादा-दादी, माता-पिता, चाचा-चाची, ताऊ-ताई और उनके बच्चे एक साथ एक ही घर में रहते हैं।

एकाकी परिवार में माता-पिता और उनके बच्चे होते हैं।

### संयुक्त परिवार

संयुक्त परिवार में लोगों की संख्या
ज्यादा होती है।
संयुक्त परिवार में माता-पिता के
साथ-साथ दादी-दादा, चाचा-चाची,
ताऊ-ताई और उनके बच्चे होते हैं।
सभी एक साथ एक ही घर में रहते हैं।

### एकाकी परिवार

एकाकी परिवार में कम लोग होते हैं।
एकाकी परिवार में माता-पिता और उनके बच्चे होते हैं ।

### सोचिए -

- हम परिवार में क्यों रहते हैं?
- अगर हमें हमेशा अकेले रहना पड़े तो हमें कैसा लगेगा ?

## हमारी पहचान-हमारा परिवार

हम सभी अपने-अपने परिवार से जुड़े हुए हैं। परिवार में रहकर हमारी जरूरतें पूरी होती हैं। सभी एक-दूसरे से स्नेह करते हैं। परेशानी के समय एक-दूसरे की सहायता करते हैं। परिवार के लोग हर प्रकार से हमारी सुरक्षा करते हैं। परिवार के लोगों से हम सीखते हैं।

एक-दूसरे की सलाह से काम करते हैं। मिलजुलकर घर के काम निपटाते हैं, त्योहार मनाते हैं। परिवार से हमें पहचान मिलती है। हमारे परिवार की तरह आस-पास कई परिवार होते हैं इन्हीं परिवारों से मिलकर हमारा समाज बनता है।

**नीचे यह दिया गया है कि हमें परिवार में क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए? पढ़िए, समझिए और अपनी बातें भी जोड़िए -**

## परिवार में हमें यह करना चाहिए

- एक-दूसरे का आदर।
- सभी की बातें सुनना व समझना।
- किसी के बीमार होने पर उसकी देखभाल।
- एक-दूसरे के साथ विनम्रता का व्यवहार।
- परिवार के लोगों के कामों में सहयोग।
- ..................
- .................
- ...............

## परिवार में हमें यह नहीं करना चाहिए

- बिना बताए कहीं चले जाना।
- इधर-उधर सामान बिखराना।
- बुजुर्गों की जरुरतों का ध्यान न रखना।
- घर के कामों में सहयोग न करना।
- जो लोग देख, सुन नहीं सकते उनकी जरुरतों का ध्यान न रखना।
- ..................
- ..................

- .................

**शिक्षक निर्देश- पाठ में संयुक्त एवं एकाकी परिवार के बारे में चर्चा की गई है। इस विविधता को और अच्छी तरह से समझाने के लिए बच्चों से उनके परिवार के बारे में चर्चा करें।**

## अभ्यास

1. नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

    (क) परिवार से आप क्या समझते हैं ?

    (ख) परिवार हमारे लिए क्यों महत्त्वपूर्ण है ?

    (ग) हमें अपने परिवार के लिए क्या-क्या करना चाहिए ?

2. अन्तर स्पष्ट करिए-

    (क) संयुक्त परिवार

    (ख) एकाकी परिवार

3. सही कथन पर (ü) का और गलत पर (ग) का निशान लगाइए -

    (क) अंकिता का परिवार एकाकी परिवार है। ( )

    (ख) सायरा और निगार संयुक्त परिवार में रहते हैं। ( )

    (ग) परिवार के साथ रहते हुए हम सीखते हैं। ( )

(घ) परिवार हमारी सुरक्षा करता है।  (  )

(ङ) संयुक्त परिवार में माता-पिता, दादा-दादी, चाचा-चाची सभी एक साथ एक ही घर में रहते हैं।  (  )

(च) एकाकी परिवार में माता-पिता उनके बच्चे ही होते हैं।  (  )

(छ) परिवार से हमें पहचान मिलती है।  (  )

4. घर के किसी बड़े को उनके बचपन का कोई मजेदार किस्सा बताने को कहिए।

5. (क) आपके परिवार में कौन-कौन हैं? आपका परिवार संयुक्त परिवार या एकाकी परिवार है?

लिखिए-

.........................................................................................................................
।

(ख) पता करके लिखिए आपकी कक्षा में कितने लोग संयुक्त परिवार में रहते हैं और कितने एकाकी परिवार में ?

स  कक्षा में कुल बच्चे  (  )

स  एकाकी परिवार में रहने वाले  (  )

स  संयुक्त परिवार में रहने वाले बच्चे  (  )

6. यदि आपके परिवार में कोई ऐसा सदस्य है जिसे दिखाई नहीं देता है। उसको आपके साथ खेलना है। आप उसके साथ कौन-सा खेल, खेल सकते हैं, लिखिए -

..............................................................

........................................................................

..........................................................

..................................................................

7. ‘लड़का-लड़की समान है’ पर स्लोगन लिखें और उसे कक्षा में चिपकाएँ।

8. आपको कौन-सा त्योहार पसंद है और क्यों ? अपनी पसंद के त्योहार का चित्र बनाकर उसमें रंग भरिए।

9. अंकिता ने अपने परिवार को इस प्रकार चित्र के द्वारा दर्शाया है। आप भी अपने परिवार को चित्र द्वारा दर्शाइए -

